राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–112/2023

राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारियों ने नि–क्षय मित्र के रूप में निबंधन कराया

पटना, 23 मार्च, 2023 :– राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री राबर्ट एल० चोंग्थू सहित राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री टी०बी० मुक्त भारत अभियान के तहत नि–क्षय मित्र के रूप में अपना निबंधन कराया।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री टी०बी० मुक्त भारत अभियान के तहत भारत से वर्ष 2025 तक टी०बी० उन्मूलन का लक्ष्य है। इस अभियान के तहत नि–क्षय मित्र बनकर कोई भी व्यक्ति इलाजरत टी०बी० रोगी को गोद लेकर उसे अतिरिक्त नैदानिक, पोषण और व्यावसायिक सहायता पहुँचा सकता है।

....